बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

परिवेश भवन, एन.एस.बी–2, पाटलीपुत्रा औद्योगिक क्षेत्र,
पाटलीपुत्रा, पटना–800 010

पत्रांकः पटना, दिनांकः–

प्रेषक,

एस0 चन्द्रशेखर, भा0व0से0
सदस्य सचिव

सेवा में,

सूची संलग्न

विषयः ई–अपशिष्ट रिटर्न (2022–23) को समर्पित करने के संबंध में।

संदर्भः ई–अपशिष्ट (प्रबंधन) नियमावली, 2022

महाशय,

उपरोक्त संदर्भित विषय के आलोक में सूचित करना है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **भारत का राजपत्र** संख्या सा.का.नि. 801(अ), दिनांकः 02.11.2022 को प्रकाशित करते हुए बिजली एवं इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के ई–कचरे निस्तारण एवं प्रबंधन से संबंधित ई–अपशिष्ट (प्रबंधन) नियमावली, 2016 को अवक्रमित करते हुए ई–अपशिष्ट (प्रबंधन) नियमावली, 2022 को अधिसूचित किया है। इस अधिसूचना के अंतर्गत संबंधित हितधारकों के उत्तरदायित्व का निर्धारण पुनरीक्षित करते हुए ई–अपशिष्ट रिटर्न केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली द्वारा स्थापित ई.पी.आर–पोर्टल के माध्यम से ही ई–वेस्ट रिटर्न समर्पित किया जाना है। ई.पी.आर.–पोर्टल का लिंक आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक उपयोग हेतु निचे अंकित किया जा रहा है।

अतः निदेश है कि हार्ड कॉपी के माध्यम से ई–रिटर्न (2022–23) को राज्य पर्षद् को समर्पित करने की जगह सीधे सी.पी.सी.बी., दिल्ली के पोर्टल का उपयोग किया जाए।

यह आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ई–पोर्टल (सी0पी0सी0बी0, दिल्ली) लिंकः https://eprewastecpcb.in/

विश्वासभाजन

ह0/–

(एस. चन्द्रशेखर)
सदस्य–सचिव

ज्ञापांकः 1488 पटना, दिनांकः 23-6-23

प्रतिलिपिः श्री दिग्विजय सिंह, ए0एस0ओ0/आई.टी. सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यायार्थ प्रेषित। श्री सिंह को निदेश दिया जाता है कि संलग्न सूची के अनुरूप संबंधित हितधारकों को ई–मेल/पत्राचार के माध्यम से पत्र अग्रसारित किया जाए।

अनुलग्नकः यथोपरि

22/6/23

(एस. चन्द्रशेखर)
सदस्य–सचिव

दूरभाष नं0– 0612-2261250/2262265,फैक्स-0612-2261050ए ई-मेल-msbspcb-bih@gov.in वेबसाईट– http://bspcb.bihar.gov.in